प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

5 Days MCTP: “Mid–Career Training Programme for RPS Officers Who Have Completed 08 Years Of Service”

दिनांक 20-05-2024 से 24-05-2024

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 20-05-2024 से 24-05-2024 तक “Mid – Career Training Programme for RPS Officers Who Have Completed 08 Years of Service” विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नालन्दा 02 (कान्फ्रेन्स हॉल न0 03) में आयोजित किया गया। उक्त कोर्स हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री पी रामजी आईपीएस, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस के निर्देशन में प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों / युनिटों से 32 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं 01 उप अधीक्षक पुलिस स्तर के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 09:30-10:00 AM तक प्रतिभगियों का पंजीकरण 10:00 -10:15 कोर्स निदेशक द्वारा चर्चा की गई। 10:15-11:30 AM पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कान्फ्रेन्स हॉल न0 01 में श्री बिपिन कुमार पांडे, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिसए, तकनीकी सेवाएँ दूरसंचार एवं तकनीकी, राजस्थान, जयपुर एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा किया गया। तत्पश्चात निदेशक महोदय द्वारा इस MCTP की आवश्यकता, अवधारणा और औचित्य पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में श्रीमती सुनीता मीना, सहायक निदेशक (सीओई) एवं श्री प्रदीप मोहन शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अति. निदेशक आरपीए, जयपुर ने प्रतिभागियों से अपने-अपने अनुभव साझा किये। तृतीय सत्र में श्री गोविंद पारीक, मीडिया विशेषज्ञ ने मीडिया-भूमिकाए और प्रबंधन-संचार कौशल विषय पर रोल प्ले के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। प्रथम दिन के चतुर्थ सत्र में श्री मिलिंद अग्रवाल, साइबर एक्सपर्ट ने सोशल मीडिया और एआई का उपयोग, भूमिका, प्रबंधन विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री हेमन्त प्रियदर्शी, डीजीपी, एससीआरबी, साइबर अपराध और तकनीकी सेवा, राजस्थान जयपुर ने अनुसंधान में हो रही कमियों पर विस्तार से व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में श्री प्रदीप मोहन शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अति. निदेशक आरपीए, जयपुर ने एचआर वेलनेस: व्यवहार संबंधी पहलुओं एवं योजनाओं पर विस्तार से व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री परमानंद जी ने खान-पान की आदतें और जीवन शैली पर विस्तार से व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में श्री सुरेश जैन, मुख्य लेखा अधिकारी ने सामान्य वित्तीय नियम और आरटीपीपी अधिनियम पर एवं श्री पुनीत अग्रवाल ने व्यक्तिगत वित्तीय प्रबंधन पर व्याख्यान दिया।

तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में श्री विजय कुमार सिंह एडीजीपी, एटीएस एवं एसओजी, ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन चर्चा की। द्वितीय सत्र में श्री रमेश चौधरी, पीओ, आरपीए जयपुर ने नए आपराधिक कानून विषय पर अपना व्याख्यान दिया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री शरत कविराज, पुलिस महानिरीक्षक, एससीआरबी, ने पुलिस में सीसीटीएनएस और कम्प्यूटरीकरण पुलिस में प्रौद्योगिकी का उपयोग (व्यावहारिक व क्रियाशील) पर व्याख्यान दिया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री निशित दीक्षित, साइबर एक्सपर्ट, ने आर्थिक अपराधों और बैंक धोखाधड़ी की जांच विषय पर विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री मनोज रमन, साइबर एक्सपर्ट, डिजिटल साक्ष्य संभालना, साइबर अपराध पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री सोमवीर यादव ने सीसीटीएनएस (केस डायरी) पर एवं श्री अशोक कानूनगो, लेखा अधिकारी ने आरटीपीपी अधिनियम विषय पर व्याख्यान दिया। चतुर्थ सत्र में श्री मनोज रमन, साइबर एक्सपर्ट ने ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, क्रिप्टो करेंसी, एआई डार्क वेब विषय पर व्याख्यान दिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पंचम दिन के प्रथम सत्र में डॉ. शिव गौतम, ने मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक बुद्धिमत्ता विषय पर व्याख्यान दिया। श्री विक्रम सहगल आईजी सीआरपीएफ, निदेशक, सीआरपीएफ अकादमी, शिवपुरी, एमपी ने आंतरिक सुरक्षा, अपराध खुफिया जानकारी और सीमा प्रबंधन पर विस्तार से बताया। अन्तिम दिन के तृतीय सत्र में श्रीमती अमृता दुदिया ने कार्य जीवन संतुलन और समय प्रबंधन, नेतृत्व और टीम निर्माण पारस्परिक संबंध पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कान्फ्रेन्स हॉल न0 01 में किया गया। श्रीमान निदेशक महोदय द्वारा कोर्स की उपयोगिता पर चर्चा के पश्चात पशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन सत्र के अन्त में श्री प्रदीप मोहन शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अति. निदेशक आरपीए, जयपुर द्वारा श्रीमान निदेशक महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया । ततपश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।